# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (19.10.2024)

**DAINIK BHASKAR, DATE:19.10.2024, PAGE-02**

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत

# साहित्य, संदर्भ व संस्कृति का है परस्पर संबंध : कुलपति




विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग में आयोजित संगोष्ठी में मंच पर अतिथि।

मुजफ्फरपुर | बीआरएबीयू के अंग्रेजी विभाग व रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अंग्रेजी विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई। इसका मूल विषय टेक्स्ट एंड कॉन्टेक्स्ट इन लैंग्वेज एंड लिट्रेचर इन इंग्लिश था। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के साथ विभाग के प्राध्यापकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। विभाग की सांस्कृतिक टीम ने स्वागत गान व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि साहित्य, संदर्भ व संस्कृति के परस्पर संबंध हैं। मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. आर एन राय ने टेक्स्ट एंड कॉन्टेक्स्ट पर केंद्रित करते हुए पाश्चात्य आलोचनात्मक सिद्धांतों व भारतीय पारंपरिक सिद्धांतों में मूल फर्क व समानता को प्रस्तुत किया। डॉ. मधु शालिनी ने मुख्य विषय के विभिन्न पहलुओं से सभी को अवगत कराया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मधुर कुमार व मंच संचालन विनम्रता ने किया। डॉ. सरकार व डॉ. गामी की देखरेख में उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी हुआ। समारोह में प्रो. विनय शंकर राय, प्रो. कनु प्रिया, प्रो. अनीता सिंह, प्रो. अनीता शर्मा, प्रो. नीलिमा झा, प्रो. सुमन, डॉ. ब्रह्मचारी नंदन शास्त्री के साथ शोधार्थी व छात्र रितिक, मृत्युंजय, रवि, रौशन, मुरारी, आलोक, श्रेयांस, वैष्णवी, वंदना, अंजलि, हरि प्रिया, आदर्श मौजूद रहे।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 19.10.2024, PAGE-02**

## 21 व 22 को अंतर महाविद्यालय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता

मुजफ्फरपुर | बीआरएबीयू के क्रीड़ा परिषद कार्यालय में शुक्रवार को खेल परामर्शी डॉ. संजय सिन्हा की अध्यक्षता में विवि के विभिन्न खेलों के संयोजकों की बैठक हुई। इसमें सभी संयोजकों के साथ वार्षिक खेलकूद कैलेंडर पर विचार-विमर्श किया गया। विमर्श के बाद कुछ खेलों के अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता सह चयन प्रतिस्पर्धा के कार्यक्रम में बदलाव किया गया। अंतर महाविद्यालय महिला फुटबॉल चयन प्रतिस्पर्धा 21 व 22 अक्टूबर को टीपी वर्मा कॉलेज नरकटियागंज में होगी। अंतर महाविद्यालय महिला वॉलीबाल व महिला शतरंज प्रतियोगिता 22 अक्टूबर को आरबीबीएम कॉलेज में होगी। खो-खो महिला चयन प्रतिस्पर्धा 25 व 26 अक्टूबर को एमएसकेबी कॉलेज में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। वहीं, पुरुष खो-खो प्रतियोगिता 25 व 26 अक्टूबर को एलएन कॉलेज भगवानपुर में होगी। पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता व पुरुष शतरंज प्रतियोगिता 28 व 29 अक्टूबर आरडीएस कॉलेज में होगी। इसी तरह अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस महिला व पुरुष प्रतियोगिता एसएनएस कॉलेज मुजफ्फरपुर में होगी। इसकी तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। बैठक में क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. कांतेश कुमार, डॉ. मिथिलेश कुमार मणि, डॉ. अभय कुमार, रवि शंकर कुमार, डॉ. रामदुलार साहनी, डॉ. वीरेंद्र कुमार यादव आदि थे।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 19.10.2024, PAGE-06**

## अंग्रेजी विभाग में सेमिनार

**मुजफ्फरपुर :** बीआरएबीयू के अंग्रेजी विभाग व रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अंग्रेजी विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय टेक्स्ट एंड कांटेक्स्ट इन लैंग्वेज एंड लिट्रेचर इन इंग्लिश था। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. डीसी राय ने साहित्य, संदर्भ व संस्कृति के परस्पर संबंध के बारे में बताया। मौके पर कुलानुशासक सह अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो विनय शंकर राय भी थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मधुर कुमार और मंच संचालन विनम्रता ने किया। (जासं)

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFAPUR, DATE: 19.10.2024, PAGE-02**

## इंटीग्रेटेड बीएड की 400 सीटों पर 1196 दावेदार, काउंसलिंग 22 से

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 4 संबद्ध कॉलेजों में इंटीग्रेटेड बीएड की 400 सीटों के लिए 1196 दावेदार हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर नोडल यूनिवर्सिटी की ओर से मेरिट लिस्ट तैयार की गई है। इसी आधार पर सीईटी इंटीग्रेटेड बीएड के नोडल अधिकारी प्रो. बीएस राय ने काउंसेलिंग के लिए शेड्यूल जारी किया है। 22 से 25 अक्टूबर तक एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में सुबह 11 बजे से काउंसेलिंग होगी। मेरिट लिस्ट में 1 से 300 रैंक के तक अभ्यर्थी की काउंसेलिंग 22 अक्टूबर होगी। वहीं, 301 से 600 रैंक के अभ्यर्थी के लिए 23 अक्टूबर, 601 से 900 के लिए 24 और 901 से 1196 के लिए 25 अक्टूबर की तिथि काउंसेलिंग के लिए निर्धारित की गई है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 19.10.2024, PAGE-08

# छात्रों ने जाना डिजिलॉकर में कैसे रहेगा सर्टिफिकेट

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू के छात्रों ने शुक्रवार को डिजिलॉकर में सर्टिफिकेट रखने के तरीके को जाना। विवि के सभी कॉलेजों में छात्रों को ऑनलाइन डिजिलॉकर में सर्टिफिकेट रखने के बारे में बताया गया। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को एक ऑनलाइन लिंक भेजा था। इस लिंक पर छात्रों को डिजिलॉकर के बारे में जानकारी दी जानी थी। छात्रों के अलावा शिक्षकों ने भी डिजिलॉकर के बारे में जानकारी ली।

# बीआरएबीयू के कई विद्यार्थी नेट में सफल

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू के कई विद्यार्थी नेट व जेआरएफ की परीक्षा में सफल रहे हैं। आरडीएस हिन्दी विभाग की पूर्णिमा कुमारी, अंग्रेजी विभाग के कृष्ण मुरारी व गौतम सिंह, वाणिज्य विभाग की कुमारी ममता ने परीक्षा पास की है। पीजी हिन्दी विभाग के डॉ. उज्ज्वल आलोक ने बताया कि अंकिता भारद्वाज को जेआरएफ मिला है। अनामिका कुमारी, मुकेश कुमार, अविनाश चौधरी, नेहा, रूपा स्नेही, पूजा रानी, वर्षा रानी, रमेश कुमार, सीमा ने परीक्षा पास की है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 19.10.2024, PAGE-08

# 'साहित्य व संस्कृति से प्रभावित होती है भाषा'

- बीआरएबीयू में अंग्रेजी विभाग की तरफ से हुआ राष्ट्रीय सेमिनार
- बनारस हिन्दू विवि और गोरखपुर से आए वक्ताओं ने रखे विचार

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू के पीजी अंग्रेजी विभाग व रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम की ओर से शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सीनेट हॉल में किया गया। इसका विषय टेक्स्ट एंड कॉन्स्टेक्स इन लैंग्वेज एंड लिट्रेचर इन इंग्लिश था। उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय व आगत अतिथियों ने किया। कुलपति ने कहा कि भाषा साहित्य और संस्कृति से प्रभावित होती है और कई मामलों में संस्कृति और परंपरा को प्रभावित भी करती है।

मुख्य वक्ता बनारस हिन्दू विवि के सेवानिवृत्त प्रो. आरएन राय ने सेमिनार के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। भरतमुनि के नाट्य शास्त्र से लेकर आनंदवर्धन के ध्वन्यालोक तक की चर्चा की। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मधु शालिनी ने विषय के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। स्वागत अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रो. विनय शंकर रॉय ने किया। मंच संचालन विनम्रता व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मधुर कुमार ने किया। डॉ. सरकार और डॉ. गामी की देखरेख में लाइव प्रसारण यूट्यूब पर किया गया। प्रो. कनू प्रिया, प्रो. अनीता सिंह, प्रो. अनीता शर्मा आदि थीं।